मैं तो हो गयी रे श्याम की दीवानी

मैं तो हो गयी रे श्याम की दीवानी जोगन बन नाचूंगी
कोई रोको ना कोई टोको मैं दीवानी हो गयी लोको
मैं तो सावरे के रंग में राचूंगी जोगन बन नाचूंगी
मैं तो.....

अंग अंग नाम तेरे लिख दिया सावरे
तेरी अराधना को नैन हुए बावरे
ओये ओये ओये ओये
तेरी बनकर रहू मैं दासी तेरे दर्शन की मैं प्यासी
मन मंदिर मैं आज तोहे राखूंगी जोगन बन नाचूंगी
मैं तो.....

तन मन धन सब करू मैं समर्पण
हरी हरी गाते गाते करू मैं समर्पण
ओये ओये ओये ओये
तेरी आरती उतारू तेरी छवि को निहारु
रस प्रेम का आज तो है चाकूंगी जोगन बन नाचूंगी
मैं तो.....

बोल बांके बिहारी लाल की जय
जय जय श्री राधे

स्वर : [अलका गोएल]

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2018/title/main-to-ho-gayi-re-shyam-ki-diwani-jogan-ban-nachugi-main-to-sanware-ke-rang-me-nachugi-jogan-ban-nachugi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |